तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 ग्राम पंचायत महेशपुर चितखईपारा आंबा भवन दो साल से जर्जर



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

### लापरवाही आई सामने, वीडियो वायरल होने के बाद जारी किया गया नोटिस

# एंबुलेंस और इलेक्ट्रिक वाहन होने के बाद भी मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर पार कर रहे सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कालेज अस्पताल में व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। एंबुलेंस, इलेक्ट्रिक वाहन जैसे संसाधन होने के बाद भी मरीजों की जान को जोखिम में डालकर सड़क पर स्ट्रेचर पर लादकर सड़क पार कराया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है जिसमें गंभीर मरीज को ऑक्सीजन लगी होने के बाद भी स्ट्रेचर पर एमसीएच भवन से मुख्य अस्पताल तक ले जाया गया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। एक अन्य वीडियो भी सामने आया है जिसमें मरीजों के लिए लाए गए 5 लाख रुपए के वाहन में समान ढोकर उसे कबाड़ बनाने का प्रयास किया जा रहा है

**खास बात**

■ मरीजों के वाहन का किया जा रहा दुरूपयोग

दरअसल राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए रेडियोलॉजी विभाग अलग से बनाया गया है और अस्पताल के सामने की ओर स्थित एमसीएच भवन में भर्ती महिला मरीजों को समय समय पर जांच के लिए सड़क के दूसरी ओर स्थित रेडियोलॉजी विभाग में ले जाया जाता है। मरीजों को अक्सर जांच के लिए स्ट्रेचर पर लादकर सड़क के दूसरी ओर लाया जाता है। इस दौरान सड़क पर जाम, तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटना का डर बना रहता था। पूर्व में भी इस तरह की तस्वीरें सामने आई जिसके बाद अस्पताल में मरीजों को एक भवन से दूसरे भवन तक ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी इसके साथ ही 5 लाख रुपए खर्च कर एक इलेक्ट्रिक वाहन भी खरीदा गया लेकिन इतने संसाधन होने के बाद भी अस्पताल में व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को भी अस्पताल प्रबंधन की ऐसी ही लापरवाही का मामला सामने आई जिसमें एक गंभीर मरीज जिसे ऑक्सीजन लगी थी उसे स्ट्रेचर पर ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ सड़क पर दूसरी ओर लाया गया।



मरीज को बीच सड़क पर स्ट्रेचर से ले जाते परिजन।

### नए कर्मचारियों की लापरवाही आई सामने

अस्पताल में मरीज के लिए संसाधन होने के बाद भी स्ट्रेचर पर सड़क पार करने के मामले में अस्पताल में ठेका प्रथा से भर्ती किए गए चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी की लापरवाही भी सामने आई है। नई कर्मचारी बिना जानकारी के मरीज को लेकर जांच कराने चली गई। ऐसे में ठेका प्रथा से भर्ती की गए नए कर्मचारियों की कार्यशैली भी अस्पताल प्रबंधन के लिए किरकिरी का कारण बन रही है।

### की जाएगी कार्रवाई

अस्पताल में एंबुलेंस व एक अन्य इलेक्ट्रिक वाहन की व्यवस्था मरीजों के लिए है। इस मामले में नर्सिंग सिस्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और मामले की जांच चल रही है। इलेक्ट्रिक वाहन से सामान ढोने के मामले में भी कार्रवाई की गई है। वाहन को परिसर से बाहर नहीं लेकर जा सकते। हमने चालक को हटा दिया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल

### आपस में जोड़ने के लिए ओवर ब्रिज का क्या हुआ : सिंहदेव



इस घटना को लेकर पूर्व जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने अस्पताल में बदहाली पर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के प्रयास से दोनों अस्पताल भवनों को आपस मे जोड़ने के लिए स्वीकृति ओव्हर ब्रिज का क्या हुआ। पूर्व उपमुख्यमंत्री के प्रयास से मेडिकल अस्पताल कॉलेज के मुख्य भवन और मातृ शिशु अस्पताल को आपस में जोड़ने के लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति हुई थी। इसके बन जाने के उपरांत मरीजों के साथ ही अस्पताल के स्टॉफ को भी दोनों भवनों के बीच आने जाने के लिए सड़क पार नहीं करना पड़ता लेकिन कार्य की स्वीकृति, बजट उपलब्ध कराने के बावजूद 2 साल में इसका निर्माण नहीं हो पाया है। इस ओवरब्रिज की निर्माण एजेंसी पी डब्ल्यू डी है। पीडब्ल्यूडी के निर्माण एजेंसी घोषित होने के कुछ दिन उपरांत प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के उपरांत उचित प्रशासकीय देखरेख के अभाव में यह कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो पाया है, नतीजतन आज मरीजों को उनके परिजन स्ट्रेचर पर सड़क पार करा रहे हैं। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा है कि स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने के क्रम में बार बार मरीज के चेहरे से ऑक्सीजन मास्क हट रहा था। यह बात परेशान करने वाली है। अस्पताल मरीज को एम्बुलेंस नहीं उपलब्ध करा सका, लेकिन स्ट्रेचर को ले जाने के लिए कम से कम मेडिकल स्टाफ उपलब्ध करा देना था। उन्होंने मांग की है कि राज्य शासन तत्काल ओवरब्रिज के कार्य को प्रारंभ कराये। उन्होंने अस्पताल के प्रबंधन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले एक-डेढ़ साल में अस्पताल की व्यवस्थाओं में गिरावट आई है।

### 5 लाख के वाहन से ढो रहे सामान



सबसे बड़ी बात यह है कि अस्पताल में मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने-लेजाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन स्काई राइडर खरीदा गया है। इस वाहन की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। इस वाहन का उपयोग अस्पताल परिसर में ही किया जाना है और अस्पताल के बाहर वाहन को लेकर जाने की अनुमति नहीं है। जिस समय अस्पताल में संसाधन की कमी से एक मरीजों को स्ट्रेचर पर ऑक्सीजन लगाकर सड़क पार करते वीडियो वायरल हुआ उसी समय एक और वीडियो सामने आया जिसमें अस्पताल के इस इलेक्ट्रिक वाहन में जिसका उपयोग सिर्फ मरीज के लिए किया जाना है उसमें सामान ढोया जा रहा था। वाहन रिंग रोड पर दौड़ रहा था।

### जेडी और अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

अब इस वीडियो के वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल ने नाराजगी जाहिर की है। इसके बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने अस्पताल अधीक्षक को इस मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने भी इस मामले में फीमेल मेडिकल वार्ड की एमआईसीयू की मरीज को स्ट्रेचर पर सड़क पार कराने के मामले में नर्सिंग सिस्टर सुमन बेक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही अस्पताल में समय पर एंबुलेंस चालक के उपस्थित नहीं रहने पर भी कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### राज्य ओपन स्कूल परीक्षा के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं 18 अगस्त से 3 सितंबर तक परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया हैं। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं परिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

### नेत्रदान पखवाड़ा 25 से निकाली जाएगी रैली

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी कड़ी में जन-जागरूकता हेतु 25 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह देव चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के प्रागंण से नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली जय स्तम्भ चौक, महामाया चौक होते हुए घड़ी चौक से वापस संगम चौक, ब्रम्ह रोड होते हुये वापस अपने पूर्व गंतव्य तक आएगी।

### व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को

**राजपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-प्रधान जिला न्यायाधीश रामानुजगंज के निर्देशानुसार दिनांक 13 सितम्बर को व्यवहार न्यायालय राजपुर में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाना है। उक्त लोक अदालत में सिविल, आपराधिक, बैंक लोन से संबंधित, विद्युत विभाग, नपं जल देयक, संपत्ति देयक एवं अन्य विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण सफलतापूर्वक राजीनामा के आधार पर किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय राजपुर में 13 सितम्बर को किया जावेगा।

### पीएम आवास सत्यापन कार्य में रुपए लेने वाला सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखंड रामचंद्रपुर में ग्राम पंचायत विशालपुर के सचिव बालदेव यादव के विरूद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास सत्यापन कार्य में हितग्राहियों से 100-100 रुपए लिये जाने के संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होने पर, जनपद पंचायत स्तरीय तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराये जाने पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाया गया है। बालदेव यादव का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम-1998 के नियम-03(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4 के तहत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा बालदेव यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में बालदेव यादव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री बालदेव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

■ जजगा मोड़ के समीप हुई घटना, एक की हालत गंभीर
■ दुर्घटनाकारित वाहन का नहीं चल सका पता

एनएच 130 पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मामले में पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही अपराध दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश जारी है।

बताया जा रहा है कि जजगा डोकरनारा निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार आ. धुपन सिंह कंवर 22 अगस्त को अपने साथी विजेंद्र पैकरा के साथ किसी काम से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 2894 से लखनपुर आया हुआ था और रात को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रात लगभग 8.20 बजे मुख्य मार्ग पर जजगा मोड़ के समीप उदयपुर से लखनपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार से बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि विजेंद्र पैकर को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया। इस मामले में शनिवार को पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## सरगुजा की धरती संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत की प्रतीक : अखिलेश



■ बरसते पानी में किया गया भाजपा के प्रदेश महामंत्री का स्वागत

**अंबिकापुर।** भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी का शनिवार को सरगुजा में जोरदार स्वागत किया गया। महामंत्री बनने के बाद पहली बार सरगुजा पहुंचे श्री सोनी का पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बरसते पानी के बीच आतिशबाजी और फूल मालाओं से स्वागत किया। बता दें कि अखिलेश सोनी के प्रदेश महामंत्री बनने पर भाजपा सरगुजा के द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। शनिवार को प्रदेश महामंत्री श्री सोनी का उदयपुर, नवापारा, लखनपुर, मेड्राकला, बिलासपुर चौक, जय स्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक, देव होटल, घड़ी चौक तथा अंबिकापुर भाजपा कार्यालय सहित अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों भारी बारिश के बीच स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, संगठन और समर्पण की ताक़त से जन-जन का विश्वास अर्जित कर रही है। सरगुजा की धरती सदैव संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रतीक रही है। गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि नए नये नये महामंत्री के आगमन से संगठन में नई ऊर्जा और गति का संचार होगा। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन के ⏭ शेष पेज 4 पर

### कार्यकर्ताओं ने प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी का किया भव्य स्वागत



**केदमा।** भाजपा प्रदेश संगठन के महामंत्री अखिलेश सोनी के सरगुजा प्रथम आगमन पर उदयपुर में भाजपाइयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बारिश के बीच कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ व फूल माला पहनाकर सरगुजा की धरती में अभिनन्दन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश के कार्यकारिणी विस्तार करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी के प्रदेश महामंत्री बनाने पर संभाग के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के महामंत्री बनने के बाद प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने तारा, डांडगांव और उदयपुर में आतिशबाजी कर स्वागत किया। इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सिंह देव को कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, राधेश्याम सिंह, ठाकुर, दीपक सिंघल, शुभम भदोरिया, कल्पना भदोरिया, प्रमिला पोर्ते, बृजेश चतुर्वेदी, मुलचंद अग्रवाल, त्रिलोचन सिंह, विजय यादव, बलदेव सिंह, लवकेश राजवाड़े, आकाश जायसवाल, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लखनपुर में भी किया गया स्वागत



**लखनपुर।** अखिलेश सोनी प्रदेश महामंत्री के आगमन पर भाजपा मंडल के इकाई के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बस स्टैंड के पास अखिलेश सोनी का भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी महिला पुरुष के द्वारा फूल माला से स्वागत कर किया गया। स्वागत कार्यक्रम मे जिला पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, जवाहर साहू, सुभाष अग्रवाल, दिनेश बारी, सचिन अग्रवाल, विश्वनाथ गुप्ता, रवी अग्रवाल, सत्यनारायण साहू, जितेंद्र पांडे, प्रदीप गुप्ता सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गैर राजनैतिक संस्था से जुड़कर सांस्कृतिक धरोहर को बचाने किया आह्वान, पहाड़ी में आ चुकी है दरार

# पूर्व डिप्टी सीएम ने किया रामगढ़ संरक्षण और संवर्धन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कोल प्रोजेक्ट के कारण सरगुजा की सांस्कृतिक धरोहर रामगढ़ पर्वत पर आसन्न खतरे को देखते पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर रामगढ़ संरक्षण और संवर्द्धन समिति नाम की गैर राजनीतिक संस्था का गठन किया गया है।

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने शनिवार को रामगढ़ शेड, उदयपुर में क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिकों और रामगढ़ के पुजारी का कहना है कि अभी मौजूद खदानों में ब्लास्टिंग के कारण दरार आ चुकी है। नजदीक में खदान खुल जाने पर पहाड़ का अस्तित्व ही संकट में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि रामगढ पर्वत हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। खदान के कारण इसके अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे के खिलाफ अगर खड़ा नहीं हुआ तो खुद को माफ नहीं कर पाऊंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में रामगढ पर्वत की विरासत को बचाने और हाथियों के लिए बनाए जा रहे लेमरू प्रोजेक्ट के लिए तत्कालीन केते एक्सटेंशन कोल प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि रामगढ पर्वत और क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए न तो कोई राजनीतिक दल मुद्दा है न ही कोई पार्टी, अगर कोई चीज मुद्दा है तो वो रामगढ़ पर्वत और उसकी ⏭ शेष पेज 4 पर

### जारी किया था सर्वे रिपोर्ट

हाल ही में वन विभाग द्वारा केते एक्सटेंशन कोल ब्लॉक के संदर्भ में किया गया एक सर्वे पूर्व उपमुख्यमंत्री के द्वारा शेयर किया गया था, जिसमें यह बतलाते हुए कि रामगढ़ पर्वत केते एक्सटेंशन से 10 किमी से ज्यादा दूर है इस खदान के लिए अनापत्ति जारी की। यह सर्वे उस सर्वे रिपोर्ट से उलट था जो पूर्व में कांग्रेस शासन काल में हुआ था, जिसमें रामगढ़ पर्वत खदान के 10 किमी दायरे के अंदर था। 10 किमी के दायरे के अंदर होने और खदान के कारण रामगढ पर्वत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस खदान के लिए स्वीकृति नहीं दी। सरकार बदलने के बाद खनन कंपनी के हितानुसार सर्वे रिपोर्ट के आधार पर खदान को मंजूरी देने की भूमिका बन रही है। वन विभाग की सर्वे रिपोर्ट के सामने आने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर सप्रमाण यह जानकारी दी थी कि किस प्रकार सर्वे रिपोर्ट तथ्यों के विपरीत है। उसी समय उन्होंने रामगढ पर्वत के संरक्षण के लिए प्रजातांत्रिक पहल की घोषणा कर दी थी।



## सरगुजा पुलिस को मिले दस नए वाहन, आईजी एसएसपी ने हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शासन की ओर से दस नए वाहन उपलब्ध कराए गए है। इन वाहनों की मदद से पुलिस पेट्रोलिंग व कानून व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। बता दें कि पुलिस मुख्यालय रायपुर से सरगुजा पुलिस को 10 नई बोलेरो पुलिस पेट्रोलिंग वाहन मिले है। शुक्रवार को आईजी दीपक कुमार झा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा रक्षित केंद्र अंबिकापुर में इन पेट्रोलिंग वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आईजी श्री झा व एसएसपी श्री अग्रवाल ने वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों मे ट्रेंड ड्राइवर पदस्थ करने के दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना-चौकी प्रभारियों को वाहनों कों सौंपते हुए थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### मार्गदर्शन संस्थान कृषि महाविद्यालय में किसान संगोष्ठी कल

**अम्बिकापुर।** नैनो उर्वरक उपयोग किसान संगोष्ठी का आयोजन 25 अगस्त को सुबह 11 बजे मार्गदर्शन संस्थान कृषि महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में इफ्को के महाप्रबंधक संतोष कुमार शुक्ला, जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, राज्य विपणन प्रबंधक आरकेएस राठौर पूर्व डीन डीन डॉ.वीके सिंह के आतिथ्य एवं राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता व डॉ.एसके सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

### पाण्डेय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष निर्वाचित



**अम्बिकापुर।** रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक में अनिल पाण्डेय को संगठन का निर्विरोध प्रांताध्यक्ष चुना गया। चुनाव में प्रदेशभर के लगभग 250 से अधिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अनिल पाण्डेय सरगुजा जिले में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थ है तथा पिछले 25 वर्षों से संगठन के जिलाध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष एवं प्रांतीय महामंत्री के पद पर दायित्व निर्वहन कर चुके है। निर्वाचन पश्चात नव निर्वाचित प्रांताध्यक्ष अनिल पाण्डेय संरक्षक ओपी शर्मा के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से सौजन्य भेंट की। स्वास्थ्य मंत्री ने नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी तथा संघ की एक समय ओपीडी लागू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसपी देवांगन, अश्वनी गुर्देकर, आरडी दिवान, चेतन सिन्हा, महेश सोनी, दुर्गेश त्रिपाठी, धनेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक आज

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 24 अगस्त को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ



डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.करण सराफ, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, हृदय रोग विशेषज्ञ आकाश अग्रवाल, ब्रेन एवं स्पाईन एण्ड एडोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा, अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

## बरसात के मौसम में बच्चों एवं गर्भवती माताओं को बैठने में होती है परेशानी

# ग्राम पंचायत महेशपुर चितखईपारा आंबा भवन दो साल से जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रेमनगर

**खास बात**

- किराए के कच्चे मकान में संचालित है आंगनबाड़ी केन्द्र

गर्भवती माताओं व बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध हो तथा छोटे छोटे बच्चों को समय पर पोषण आहार के साथ उनकी पढ़ाई में रूचि बढ़े इसे लेकर नगर सहित गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर भवन का निर्माण कराया है जहां बच्चों को पढाई के साथ नियमित पोषण आहार भी दिए जाते है। हैरानी की बात यह है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत महेशपुर के चितखई पारा में लाखो की लागत से आंबा केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया परंतु देख रेख के अभाव में भवन जर्जर हो गई। ऐसे में आंबा केन्द्र का संचालन पिछले दो साल से किराये के कच्चे मकान में संचालित है जहां गर्भवती माताओं व बच्चों को बरसात के इस मौसम में बैठने व भोजन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम पंचायत महेशपुर में आंगनबाड़ी भवन के जर्जर होने की स्थिति में बच्चों को गांव के ही किराए के कच्चे के मकान में बैठने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बीस वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र महेशपुर चितखई पारा में भवन निर्माण कराया गया था। वर्तमान स्थिति में आंगनबाड़ी भवन इस कदर जर्जर हो चुकी है कि भवन के कमरे में बच्चों को बैठाना खतरा से कम नहीं है। आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों एवं गर्भवती माताओं को गिर रहे छत के प्लास्टर से चोट न लगे इसे ध्यान में रखकर गांव में ही निजी घर को किराए में लेकर आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है जहां बैठाकर उन्हें पोषण आहार दिया जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि आज महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं एवं नव निहालों को शासन के गाइड लाइन के अनुसार पोषण आहार देने की काम करती है लेकिन दो साल से जर्जर पड़े आंगन बाड़ी भवन निर्माण व मरम्मत के लिए किसी प्रकार पहल नहीं की गई। आंगनबाड़ी भवन निर्माण की शासन स्तर पर स्वीकृत के लिए कोई पहल नहीं होने से आंगनबाड़ी चितखई पारा के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



जर्जर आंगनबाडी में मौजूद ग्रामीण।

### बरसात में होती है परेशानी

प्रेमनगर के ग्राम पंचायत महेशपुर के चितखई पारा एवं लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकना कला जूनापारा में आंगनबाड़ी केन्द्र किराए के कच्चे मकान में कई साल से संचालित है। आंगन बाड़ी केन्द्र में गांव के बड़ी संख्या में बच्चे व गर्भवती माताएं आते है। कच्चा खपरैल घर होने के कारण बच्चों के बैठने से लेकर खेलने की तक की जगह नहीं होती। जबकि गर्भवती माताओं को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर बरसात के दिनों में जब बारिश होती है। हैरानी की बात तो यह है कि गांव के आंगनबाड़ी भवन जर्जर हुए दो साल हो गए लेकिन आज तक नए भवन के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे आंगनबाड़ी कच्चे मकान में संचालित है।

### कच्चे मकान में आंबा का संचालन

**धौरपुर।** विकास खंड लुण्ड्रा क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम पंचायत बकना कला में अन्य पंचायत की तरह आंगनबाड़ी का संचालित है। लगभग 15 साल पूर्व आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया गया था। जहां गांव के बड़ी संख्या में बच्चे व गर्भवती माताएं आती थी। लेकिन पिछले दो साल से आंगनबाड़ी भवन जर्जर हो चुकी है। ऐसे में आंगनबाड़ी का संचालन गांव के ही कच्चे मकान मे किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर छत का प्लास्टर व मरम्मत हो जाती तो भवन में आंगनबाड़ी का संचालन संभव था। लेकिन आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत नहीं होने से भवन और भी जर्जर हो जा रही है। जबकि आंगन बाड़ी परिसर में हैंडपंप सहित शौचालय की सुविधा है। भवन में आंगनबाड़ी का संचालन नहीं होने तथा भवन के खुला होने से अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है।



### नहीं मिली है स्वीकृति

दो वर्षों से आंगनबाड़ी भवन जर्जर है। ग्राम सभा में प्रस्ताव एवं स्टीमेट बनाकर शासन स्तर स्वीकृति के लिए भेजा गया है लेकिन आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति आज तक नहीं मिला।

-अतवार सिंह आयाम
ग्राम सभा अध्यक्ष महेशपुर

### आंगनबाड़ी भवन है जर्जर

ग्राम पंचायत महेशपुर के चितखई पारा में आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। ऐसे में बच्चों को काफी समस्या होती है। भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए मांग किया गया है।

-धन साय सिंह, वार्ड पंच

### नहीं है जानकारी

अभी अभी ज्वाइन की हूं। आंगनबाड़ी भवन जर्जर है और कच्चे मकान में संचालित है इसकी कोई जानकारी नहीं है।

-वर्षा अग्रवाल, परियोजना अधिकारी

# ग्राम केवरा में करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर





- पुराने विद्युत पोल को उखाड़ने के दौरान हुआ हादसा

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत केवरा में आवासीय भवन निर्माण के लिए पुराने विद्युत पोल हटाने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई वहीं भवन स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया।

झिलमिली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में विपिन चंद्र जायसवाल द्वारा नया मकान बनाया जा रहा है। मकान बनाने के पूर्व निर्माण स्थल से विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। भूमि स्वामी की पहल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कुछ दूरी पर नया पोल लगाकर विद्युत लाइन का विस्तार किया था। पुराना क्षतिग्रस्त विद्युत पोल निर्माण स्थल की बाउण्ड्री में यथावत खड़ा था। शुक्रवार को दोपहर भूमि स्वामी विपिन चंद्र जायसवाल गांव के ही मजदूर रामप्रसाद विश्वकर्मा (45वर्ष) कल्लू (35वर्ष) के साथ पुराने पोल को हटावा रहा था। गड्ढा खोदने के बाद तीनों मिलकर विद्युत पोल को उखाड़ रहे थे। इस दौरान विद्युत पोल पास से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया तथा करंट की चपेट में आने से पोल उखाड़ रहे राम प्रसाद एवं कल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि विपिन चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सकों ने विपिन चंद्र विश्वकर्मा एवं कल्लू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विपिन चंद्र जायसवाल का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

# प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ के तीज मिलन कार्यक्रम में शामिल हुई मंत्री



**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में प्रगति सेल पर्यवेक्षक संघ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीज मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थी।

इस अवसर में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने तीज मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ का तीज मिलन आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कार्यक्रम को पूरी तरह से पारिवारिक कहा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्याभूषण दुबे द्वारा रखी गई मांगें उचित है और मांगों पर विभागीय अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद कार्रवाई करेंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीना राजवाड़े के मार्गदर्शन में मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों को तीज मिलन का भेंट दिया गया। मंच पर उपस्थित महापौर मंजूषा भगत और जिला पंचायत महिला सदस्य भाजपा के पदाधिकारी द्वारा पारंपरिक लोकगीत संगीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और गरिमामय बना दिया गया। प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ के प्रांतीय सचिव जयश्री, अध्यक्ष मीना राजवाड़े, नीता पांडेय, ममता गायकवाड़, रानी झा, याचना शुक्ला सहित अन्य के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को मंत्री श्रीमती राजवाड़े के अलावा महापौर मंजूषा भगत, जिला पंचायत सदस्य दिव्या भारती, जिला भाजपा के अध्यक्ष श्री सिसोदिया ने भी संबोधित किया गया। संघ के सचिव श्रीमती जयश्री साहू ने पालन प्रतिवेदन का पठन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन वैष्णव और शिक्षिका श्रीमती ममता द्वारा किया गया। इससे पूर्व संगीत महाविद्यालय दीपिका तिर्की, साध्या शर्मा की अतिथियों के सम्मान में क्लासिकल गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान निमित्त रोशनी कुजूर, याचना शुक्ला, अनुपमा लकड़ा रानी झा, ममता गायकवाड, नीता पांडे, उपेंद्र सिंह पैकरा, दीपा सिंह, लता सिंह, कुसुम लता जायसवाल, सोनलता सिंह, कुलवंती जायसवाल, प्रीति कोरी, सुजाता पटेल, उर्मिला राजवाड़े, शोभा सिंह, दुलारी सिंह, सम्पतिया उइके, दसमतिया मार्को, निशी श्रीवास्तव, राजलक्ष्मी पांडे, मनीषा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 7 दिवस के भीतर अस्थायी रपटा निर्माण प्रारम्भ करने दिए निर्देश

भैयाथान विकासखंड की जीवन रेखा कही जाने वाली गोबरी नदी पर टूटा पुल अब ग्रामीणों की परेशानी का कारण नहीं रहेगा। कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जनहित में बड़ा कदम उठाते हुए डुमरिया से गंगोटी मार्ग पर क्षतिग्रस्त गोबरी नाला पुल के मरम्मत कार्य को एक सप्ताह में प्रारंभ करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही ग्रामीणों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सात दिन के भीतर अस्थायी पुल निर्माण का काम शुरू करने की घोषणा की गई है। पिछले दो महीनों से टूटे पुल के कारण खुटरापारा, डबरीपारा, गंगोटी और बांसापारा सहित 10 से अधिक ग्राम पंचायतों के हजारों लोग परेशान थे। रोजमर्रा की जरूरतें, बच्चों की शिक्षा और मरीजों का इलाज बाधित हो रहा था। लोगों को 20 किमी का अतिरिक्त रास्ता तय करना पड़ रहा था, जिससे किसानों और मजदूरों की आजीविका पर भी असर पड़ा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की त्वरित पहल से शुक्रवार को उनके प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने क्षतिग्रस्त स्थल का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग ब्रिज के अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल समाधान की घोषणा की। ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत किया। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# पति-पत्नी समेत दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास



**रामानुजगंज।** अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय की न्यायाधीश शुभ्रा पचौरी द्वारा रामानुजनगर गिरवानी निवासी आरोपी महेंद्र खैरवार (36 वर्ष) एवं उसकी पत्नी कबिलासो (33 वर्ष), ठाकुरदास कुशवाहा आ.बिजली कुशवाहा (36 वर्ष)के विरुद्ध रघुनाथ नगर थाने में धारा 363, 366, 370, 368 376 पोक्सो एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ था। मामले में न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों के विरुद्ध 20 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 20 हजार की अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेंद्र गुप्ता द्वारा की गई।

### 24 फरवरी 2023 को हुआ था थाने में अपराध दर्ज

नाबालिक आरोपी के घर गई थी इसी दौरान आरोपी पति-पत्नी द्वारा नाबालिक को झांसी में शादी कर देने 50 हजार दिलवाने व साथ में मोबाइल दिलवाने का बात कह कर पीड़ति को अपने साथ रखकर आरोपियों द्वारा कई दिनों तक उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता अपने माता-पिता के साथ जाकर रघुनाथ नगर थाने में 24 फरवरी 2023 को अपराध दर्ज कराई। मुख्य आरोपी अपने दोस्त एवं पत्नी के साथ मिलकर पीड़िता को शादी कर देने का झांसा देकर महेंद्र खरवार अपने घर में रखा था। जहां उसके साथ लगभग दो सप्ताह तक दुष्कर्म करते रहे। आरोपियों द्वारा नाबालिग पीड़िता को रात में घर में रखा जाता था एवं दिन में जंगल में छुपा कर रखते थे। माता-पिता यह समझ रहे थे की बेटी अपने नानी घर में है। शादी का झांसा देकर आरोपी पीड़िता की बात कराते रहते थे। अभियुक्त की पत्नी द्वारा नाबालिग पीड़िता को महेंद्र एवं ठाकुरदास के साथ सोने के लिए प्रेरित करती थी एवं 500 देने की बात करती थी।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 अगस्त 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम
(कार्डियोलाजिस्ट)
दिनांक 24 अगस्त, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 17 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा छ.ग.
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ - डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM (Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ - डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन) डी.ए.बी.(गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी.,एस.सी.ई.(गैस्ट्रो)
किडनी रोग विशेषज्ञ - डॉ.करण सराफ MBBS,MD(Medicine) DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ - डॉ.गौरव त्रिपाठी MD,DM,Cardiology
हड्डी रोग विशेषज्ञ - डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho (Mumbai) MRCS (London,UK)
BLOOD BANK
डॉक्टर्स हाऊस / सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन - डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB(Haderbad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
24 अगस्त 2025, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुश्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन, सांस लेने में तकलीफ, लगातार पसीना, नींद न आना, घबराहट एवं बैचैनी, अनियमित हृदय गति
दिनांक 24 अगस्त 2025 दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन, प्रोस्टेट बढ़ जाना, पेशाब बार-बार होना, पेशाब बूंद-बूंद पर होना, पेशाब के रस्ते का छोटा होना

## विजेताओं को किया गया सम्मानित

# डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अतिथियों के साथ खिलाड़ी व शिक्षक।

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर थ्री का समापन आज शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दौड़,तवा फेंक, गोला फेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, स्केटिंग, जूडो, ताइक्वाँडो आदि विविध स्पर्धाओं में भाग लिए।समापन समारोह में अतिथि के रूप में एसके पांडेय प्राचार्य, डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी समेत केंद्रीय चिकित्सालय के डॉ निरंजन कुमार, वेलफेयर मेंबर अरविन्द सिंह थे।अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक द्वारा सैंपलिंग भेंट कर एवं कैप व बैज पहनाकर स्वागत किया गया,समापन समारोह का शुभारंभ डीएवी गान से किया गया,अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिता के समापन करने की औपचारिक घोषणा के पश्चात क्रीड़ा ध्वज का अवरोहण किया गया,समापन समारोह के दौरान अतिथि एसके पांडेय ने कहा कि खेल हमें बहुत कुछ सीखाता है,इससे हम अनुशासन के साथ-साथ जीवन में संघर्ष करना और कभी हार न मानने का कौशल सीखते हैं। प्रतिभागियों को मन में निराशा न लाकर दुगुने उत्साह के साथ अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाना चाहिए। उन्होंने संभाग स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु आयोजक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य एवं सभी स्टाफ को बधाई दी।स्पर्धा के वेन्यू इंचार्ज व डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। असफलता, सफलता की पहली सीढ़ी होती है, इस मीट के विजेता जोनल स्पोर्ट्स मीट में भाग लेंगे और नेशनल स्पोर्ट्स मीट में सम्मिलित होंगे।आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक प्रदीप वैद्य, खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा व अन्य स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा, मंच संचालन शोभा नामदेव व अपर्णा मिश्रा के द्वारा किया गया, समूह शाँति पाठ के साथ आयोजन का समापन कराया गया।

**खास बात**

- विभिन्न विधाओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## ये प्रतिभागी बने विजेता



प्रतियोगिता के दूसरे दिन संपन्न स्पर्धाओं में 14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में आरुष सिंह बिश्रामपुर प्रथम,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सूर्यदीप भटगांव प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सिद्धार्थ कुमार जायसवाल भटगांव प्रथम,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में अक्षत साहू, पांडवपारा प्रथम, 17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में अनुष सिंह पांडवपारा प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में सार्थक दास बिश्रामपुर प्रथम,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में बिश्रामपुर प्रथम,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में बिश्रामपुर प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में डीएवी बिश्रामपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग भाला फेंक में गुरमीत सिंह बिश्रामपुर प्रथम,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग भाला फेंक में जयदीप सारथी जमड़ी प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग भाला फेंक में मयंक भगत बिश्रामपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया है।






## खबर संक्षेप



### परमानंद बने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बलरामपुर इकाई रामानुजगंज के नवीन कार्यकारिणी का घोषणा किया गया। नगर मंत्री का दायित्व परमानंद कुशवाहा को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक रितिक सिंह तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास महतो उपस्थित रहे। नगर के समस्त कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौंपा गया। नगर मंत्री परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद लगातार 77 वर्षों से छात्र हित, समाज हित एवं राष्ट्रहित में कार्य करता आया है और हम सभी कार्यकर्ता छात्र, समाज तथा राष्ट्र के लिए कार्य करेंगे।

### गंगापुर हाई स्कूल में बच्चों को साइबर सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में साइबर जागरूकता व नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान नव जीवन कार्यक्रम के तहत शनिवार को लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गंगापुर के हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट,साइबर जागरूकता के संबंध में उपस्थित पुलिस महकमे द्वारा जानकारी देते हुए जागरूक किया गया एवं बच्चों को स्लोगन के माध्यम से नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई, यहां पर उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया गया कि साइबर फ्राड के मामले आये दिन बढ़ रहे हैं, आप अपने बैंक खाते की जानकारी किसी को शेयर न करें,मोबाइल फोन पर अनजाने कॉल व वीडियो कॉल को रिसीव न करे एवं किसी भी लिंक को टच कर स्वीकार न करें,इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाएं, चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता,प्रधान आरक्षक दिलेस्वर पैकरा,आरक्षक विकास मिश्रा,शोभनाथ कुशवाहा,महिला आरक्षक मालती उपस्थित रहे।

### कुमदा साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से मारपीट करने व केबल चोरी करने मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा साइडिंग में करीब 3 दर्जन की संख्या में पहुंचे नकाबपोश कबाड़ चोरों द्वारा कंपनी के दो तैनात सुरक्षाकर्मियों कन्नीलाल व जुगेश्वर को बंधक बनाकर लोहे के रॉड व सब्बल से मारपीट की गई,इसके बाद ताम्बायुक्त लाइटिंग केबल को काटकर अज्ञात बदमाश चुरा ले गये,उक्त मामले की घटना में कुमदा सहक्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी पवन शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश हमलावरों के खिलाफ बिश्रामपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 127(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।बता दें कि कबाड़ चोरों के द्वारा लोहे की रॉड व सब्बल से हमले किये जाने पर दोनों सुरक्षाकर्मियों को गंभीर चोटे आई हैं जिनका केंद्रीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।इन दिनों कोयला कबाड़ केबल चोरों की जिले में अचानक बढ़ी सक्रियता में खदानों में निहत्थे ड्यूटी करने वाले सुरक्षा कर्मियों की जान पर बन आई है,ऐसे में कम्पनी सुरक्षाकर्मी रात्रि पाली में खदान क्षेत्रों में ड्यूटी जाने से कतराने लगे हैं।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कापू थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुर पोड़ी निवासी सारेखन मांझी आ. स्व. तेज राम मांझी (54 वर्ष) बुधवार को नशे की हालत में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### सरगुजा की धरती संगठन की शक्ति...

अनुशासन से ही भाजपा प्रदेश में नये इतिहास रच रही है। सभा को विधायक प्रबोध मिंज, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने भी संबोधित किया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, कमलभान सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, राजकुमार अग्रवाल, विकास पांडे, राजकुमार बंसल, इंदर भगत, मधुसूदन शुक्ला, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, सतीश जयसवाल, संजय गुप्ता, सावित्री जायसवाल, अजय प्रताप सिंह, संजय सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व डिप्टी सीएम ने किया रामगढ़...

विरासत है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वो राजनीति से अलग हटकर सभी को साथ जोड़ने के लिए रामगढ संरक्षण एवं संवर्धन समिति का गठन हुआ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने आज आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में रामगढ पर्वत को बचाने की मुहिम में दलगत राजनीति से हटकर समाज के सभी वर्गों को जुड़ने का आव्हान किया है। आज की इस बैठक में राकेश गुप्ता, सिद्धार्थ सिंहदेव, ओमप्रकाश सिंह, राजनाथ सिंह, भोजवंती सिंह, अंचल ओझा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बांध के पानी से बुझती है आधे शहर की प्यास

# सात सालों बाद बांकी बांध लबालब



बारिश के दौरान सूनी सड़क।



लबालब बांकी जलाशय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से भीषण जल संकट से जूझ रहा बांकी जलाशय लबालब हो गया है। इसके पूर्व 2018 में बरसात के अंतिम दौर में बांध में क्षमता के अनुसार पानी का भराव हुआ था लेकिन वेस्टवीयर से पानी निकलने की स्थिति नहीं बन सकी थी। इस बार बांध के लबालब होने के साथ ही लगातार बांध का पानी वेस्टवीयर के माध्यम से नाले में पहुंच रहा है।

**खास बात**

- क्षमता से कम पानी भरने पर होता है जलसंकट

बांकी जलाशय से लम्बे समय से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रह है। जिन गांवों में बांध के पानी से खेती होती थी अब उनमें घनी आबादी बस गई है तथा गांवों का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। जहां खेती हो भी रही है तो लोगों ने स्वयं का सिंचाई का साधन तैयार कर लिया है बांध की पक्की सिंचाई नहर अब अनुपयोगी हो गई है। लम्बे समय से बांध के पानी का उपयोग शहरवासियों के पेयजल के लिए किया जा रहा है। पूर्व में बांकी जलाशय के पानी को तकिया फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर पूरे शहर में ननि द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन दो वर्ष पूर्व गर्मी के मौसम में बांध का पानी तली में पहुंच गया था जिसके कारण शहर के अनेक क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालांकि अमृत मिशन की जल आवर्धन योजना तैयार होने के बाद शहर के आधे हिस्से में ही बांध के पानी की आपूर्ति की जा रही है इसके बावजूद बांध में क्षमता के अनुसार जल भराव नहीं होने के कारण हमेंशा संशय की स्थिति बनी रहती थी। पिछले साल बांध में 70 फीसदी पानी का भराव हुआ था जबकि इस बार अगस्त महीने के उत्तरार्द्ध में ही बांध लबालब हो गया है। बांध में क्षमता के अनुसार पानी नहीं भरने के पीछे बांकी नदी को पाटकर अवैध अतिक्रमण को बड़ा कारण माना जा रहा है। अवैध अतिक्रमण के कारण बांकी नदी का पानी बांध तक पहुंचना बंद हो गया है। इस बार लगातार हो रही बारिश के कारण आसपास के पहाड़ों के पानी से ही बांध लबालब हो गया है। इस बार जुलाई के अंत तक बांकी जलाशय में 78 फीसदी जल भराव हुआ था तथा अगस्त के अंतिम सप्ताह में बांध लबालब हो गया। इसके विपरीत सरगुजा का सबसे बड़ा श्याम घुनघुट्टा बांध जुलाई के शुरूआत में ही लबालब हो गया था तथा 4 जुलाई को बांध के 4 गेट खोलने पड़े थे।

### अम्बिकापुर में अब तक 1187 मिमी वर्षा

अगस्त के प्रथम सप्ताह के बाद मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसक कर हिमालय की तराई में पहुंच गई थी जिसके कारण मानसून की वर्षा बंद हो गई थी। खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव हुआ लेकिन द्रोणिका खिसक कर दक्षिण की तरफ विदर्भ की ओर चली गई। पुनः खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में लौटी है तथा गंगानगर डिहरी होते हुए खाड़ी तक विस्तारित है। झारखण्ड के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी रविवार को भी मानसून के सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 36 घंटे में 57.1 मिमी वर्षा वहीं अम्बिकापुर में अब तक 1187.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। शहर में दर्ज की गई अब तक की वर्षा औसत बारिश का 97.3 फीसदी है। शहर में पूरे वर्षा काल में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है। मौसम विज्ञानी प्रारंभ से ही इस बार सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि खाड़ी में उड़ीसा के पास 25 अगस्त को लो-प्रेशर सक्रिय होने की संभावना है। लो-प्रेशर के प्रभाव से 26 अगस्त से अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

### घुनघुट्टा के खोले गए तीन गेट

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण पानी को नियंत्रित करने घुनघुट्टा बांध के तीन गेट खोले गए हैं। घुनघुट्टा बांध में 84 फीसदी पानी का तल बनाए रखने के उद्देश्य से नदी से लगातार पहुंच रहे पानी को छोड़ा जा रहा है। विभाग द्वारा तीसरे गेट 20 सेमी एवं चौथे गेट को 50 सेमी खोला गया है जबकि शाम में एक अन्य गेट को भी खोला गया। विभाग द्वारा लगभग 12 क्यूसेक बांध का पानी गेट के माध्यम से नदी में छोड़ा जा रहा है।

### आधे शहर में छाया अंधेरा

बारिश के दौरान शनिवार को देर शाम शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर स्थित विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण डेढ़ घंटे तक आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। इस दौरान लगातार बारिश होने के कारण अंधेरे में विद्युत लाइन पर गिरी डाल को हटाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। डाल हटाने के बाद रात्रि 7.15 बजे आपूर्ति सुचारू हुई। इस दौरान मिशन चौक, चोपड़ा पारा, केदारपुर, भट्ठी रोड, त्रिकोण चौक, जोड़ा पीपल क्षेत्र में डेढ़ घंटे तक अंधेरा छाया रहा।

### खोले गए हैं गेट

घुनघुट्टा बांध का पानी नियंत्रित करने के लिए तीन गेट खोले गए हैं। वर्ष 2018 के बाद बांकी बांध में क्षमता के अनुकूल जलभराव हुआ है तथा वेस्टवीयर से लगातार बांध का पानी नाले में बह रहा है।

-अशोक निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



## नगरवासियों ने बाईपास सड़क की मांग को लेकर केंद्रीय मत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 के प्रस्तावित निर्माण के बीच नगर पंचायत वासियों ने नगर में बाईपास सड़क निर्माण की मांग की है। बाईपास सड़क की माग को लेकर नगरवासियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे नगरवासियों ने बताया कि नगर पंचायत राजपुर में एनएच 343 की सड़क नगर के बीच से होकर गुजरती है। इस सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण नगर में वाहनों का दबाव बना रहता है। बस, ट्रक व अन्य भारी वाहनों के आवागमन से नगर के बीच की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये है जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही भारी वाहनों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिसमें अब तक अनेकों लोगों की मौत हो चुकी है। नगर के बीच में ही बैंक, अस्पताल, विद्यालय, नपं कार्यालय, थाना, वन विभाग, मंदिर सहित अन्य संस्थान संचालित है। इसके साथ ही इसी मार्ग पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, ठेले गुमटी संचालित है जिनसे लोगों की दिनचर्या संचालित होती है। भारी वाहनों से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सडक निर्माण के दौरान नगर के बीच में बने व्यसायिक प्रतिष्ठान एवं मकान को तोडने से शासन के करोड़ो रुपए खर्च करने होंगे। इस मार्ग के विकल्प में राजपुर, मण्डी प्रागण से नवकी सीमा तक शासन मद से रोड़ का नक्शा जिसमें बाई पास आसानी से कम खर्च में एवं अधिक चौड़ा करने पर सिर्फ खाली भूमि का ही क्षतिपूर्ति देना होगा जिससे शासन के क्षतिपूर्ति व्यय भी कम होगा। उन्होंने एनएन 343 को राजपुर नगर के बीच को छोड़कर मंडी प्रागंण से नवकी सीमा होते हुए मार्ग में बाईपास रोड़ स्वीकृत कराने की मांग की है। इस संबंध में नपं अध्यक्ष धरम सिंह ने बताया कि

राजपुर नगर बहुत ही छोटे से जगह पर बसा हुआ है। वर्तमान में एन एच 343 सड़क अपने मापदंड के आधार पर सड़क निर्माण लेता है तो हमारे यहां जितने व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। स्कूल, छात्रावास, नगर पंचायत कार्यालय, हॉस्पिटल, कोर्ट, जनपद पंचायत, वन विभाग, तहसील कार्यालय है इसी में सड़क बनाने से सारे केंद्र समाप्त हो जाएंगे। राजपुर शहर वीरान सा हो जाएगा। इसलिए हम सभी नगरवासी बाईपास सड़क का मांग केन्द्रीय मंत्री से की गई है।

## पुलिस ने नशेड़ी चालकों पर की सख्त कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। 1 से 22 अगस्त के बीच विभिन्न थाना-चौकी व यातायात की टीमों ने जगह-जगह चेकिंग प्वाईंट लगाकर करीब 20 हजार से अधिक वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 200 चालकों को पकड़ा गया और उनका मुलाहिजा कराकर न्यायालय में 190 इस्तगाशा पेश किया जहां से 190 लोगों के विरूद्ध 19 लाख रूपये का चालान हुआ है, शेष का इस्तगाशा जल्द पेश किया जाएगा। पुलिस इन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस निलंबन के लिए प्रतिवेदन आरटीओ को भेजा है। इसके अलावा इस अवधि में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 3 हजार 9 चालकों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 10 लाख 71 हजार 200 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लगातार सुगम सफर अभियान के तहत यातायात के नियमों के पालन के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। यातायात नियमों का उल्लघंन और शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



## ग्राम हरिहरपुर बांधपार में हाथियों ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत सर्किल प्रतापपुर के ग्राम हरिहरपुर बांधपारा में 30 हाथियों का दल बीती रात दर्जनों किसानों के फसलों को रौंद नुकसान पहुंचाया। हाथियों का दल गांव के समीप पहुंच गया था। हालांकि बंशीपुर स्टाफ और हाथी मित्र दल द्वारा प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को सतर्क किया। एक साथ बड़ी संख्या में हाथियों के गांव के समीप पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। बताया जा रहा है हाथी भूखे हैं और फसलों को उखाड़ दे रहे हैं और महुआ, धान, गन्ना खोज रहे हैं। जिसके कारण हाथियों का दल गांव तक पहुंच जाते है। ऐसा लगता है कि भूख से हाथी परेशान है और अपना मनपसंद भोजन की तलाश रहे हैं। वन विभाग की टीम हाथियों को जंगल ओर खदड़ने में लगे हुए है। उसके बाद भी हाथी गांव की ओर रुख करते है जिससे ग्रामीण भयभीत है।

## 24 घंटे बाद बरामद किया गया युवक का शव

**सीतापुर।** नहाने के दौरान बांध में डूबे 32 वर्षीय युवक का शव बरामद कर लिया है। घटना के बाद चलाए सर्च अभियान के दौरान 24 घंटे बाद एसडीआरएफ ने शव को बरामद किया है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- बांध में डूबने से हुई मौत, एसडीआरएफ ने चलाया अभियान

बता दें कि ग्राम बंगरकालो जामढोढ़ी निवासी 32 वर्षीय सुलेश मरावी आ अंतराम मरावी गुरुवार दोपहर एक बजे अपनी मां, बहन बहनोई एवं बेटे के साथ कोटछाल बांध में नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान फिसलकर युवक बांध के गहरे पानी मे चले जाने की वजह से डूब गया था। घटना के बाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक के शव की तलाश की जा रही थी लेकिन दिनभर चलाए अभियान के बाद भी युवक का शव नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीम ने फिर से सर्च अभियान चलाया। इस दौरान गोताखोरों की मदद से घंटों चले अभियान के बाद युवक का शव बरामद किया गया। पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया गया है।



## नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए पुलिस ने कराया फुटबाल मैच

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले के थाना-चौकी की पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान नवजीवन के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन करा रही है। इसी क्रम में खेल से युवाओं को जोड़ते हुए फुलबाल मैच का आयोजन शुक्रवार को चौकी तारा पुलिस द्वारा ग्राम शिवनगर स्कूल ग्राउण्ड में कराया। नशे से बचाव के लिए नवजीवन अभियान के तहत चौकी तारा पुलिस द्वारा आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत शिवनगर एवं दिव्यदीप मिशन स्कूल के छात्रों के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया। शिवनगर की टीम विजेता रही।

एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी व चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदाय कर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर एसडीओपी ने कहा कि पुलिस नशे से बचाव के लिए युवाओं और नागरिकों को खेल गतिविधियों से जोड़ने पर ज़ोर दे रही है। खेल युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में केंद्रित करने में मदद करती है और नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश देती है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशे को रोकना है बल्कि समाज में नई चेतना जागृत करना भी है। पुलिस के नवजीवन अभियान के बैनर तले आयोजित फुटबॉल मैच में भाग लेने वाले युवा व ग्रामीणों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान ग्राम शिवनगर के सरपंच सज्जन सिंह, तारा सरपंच चंद्रभान सिंह, कांटारोली सरपंच हरिप्रसाद, अदानी के एचआर हेड राम द्विवेदी, उपसरपंच और ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।



## दो हजार रुपए के लिए महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दो हजार रुपए के लिए पड़ोसी महिला पर टांगी से वार कर हत्या का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपारा निवासी रेशम बाई 19 अगस्त को अपने घर में थी। इस दौरान पड़ोसी युवक इश्वर चौबे महिला के पास आया और जबरन 2 हजार रुपए मांगने लगा। जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे टांगी से महिला पर हमला कर दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने पुलिस ने दरिमा नवानगर व हाल मुकाम मठपारा निवासी 36 वर्षीय ईश्वर चौबे आ. स्व. संग्राम चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर दिया। आरोपी पुलिस को बताया कि महिला ने अपने उपचार के लिए 2 हजार रुपए रखा था जिसे आरोपी मांग रहा था और जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने टांगी से वार कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया और 11 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया। आरोपी ने लूट की रकम को खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक व टांगी बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 109 (1), 309(6) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर बच्चों के बीच हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**सीतापुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे विकासखंड के हायर सेकंडरी स्कूल से 60 छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपना पक्ष रखा। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित बीइओ इंदु तिर्की एबीईओ अनिल मिश्रा समेत बीपीओ साक्षर भारत प्रेम गुप्ता प्राचार्य सेजेस देवगढ़ सुनील गुप्ता प्राचार्य सेजेस भुषु संतोष गुप्ता ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क में बाइक से सफर के दौरान हमेशा हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए। इससे अगर कभी सड़क दुर्घटना होती है तो वो जानलेवा साबित नही होगी। अक्सर देखा गया है कि बाइक चलाते समय होने वाली दुर्घटना में सिर पर चोट लगने की वजह से ज्यादातर मौते होती है। इसके अलावा सड़क पर चलते वक्त यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। जिसकी वजह से हम सड़क दुर्घटना से काफी हद तक बच सकते है। विकासखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 सौ रुपये नगद प्रदान किया गया। दूसरा स्थान हासिल करने वाले सेजेस देवगढ़ को 2 हजार एवं तीसरा स्थान हासिल करने पर हायर सेकंडरी स्कूल प्रतापगढ़ के छात्र छात्राओं को 15 सौ रुपये प्रदान किये गए। इसके अलावा अन्य सभी हायर सेकंडरी स्कूल के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1-1 हजार रुपये प्रदान किये गए।कार्यक्रम का संचालन सीएसी सुशील मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक समेत काफी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411